युवक की हत्या के आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने पर ग्रामीणों ने रोष जताया

गांव ख्याली में रात्रि को बालाजी मंदिर में जागरण देखकर लौट रहा था युवक

सादुलपुर, (निसं)। गाँव ख्याली में 24 नवम्बर की रात्रि को बालाजी मंदिर में जागरण देखकर आ रहे युवक पर बीयर की कांच की बोतलों से हमले में हुई मौत मामले में सोमवार को ग्रामीणों ने आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने पर थाने पहुंचकर रोष जताया।

इस संबन्ध में गांव ख्याली निवासी कुलदीप, दिनेश, दीपक, राजेन्द्र, अशोक, मानसिंह, बजरंग, राजेन्द्र, प्यारेलाल, बीरबल, किरसन, सुरेन्द्र, विकास व विरेन्द्र आदि ने बताया कि गांव ख्याली निवासी अंकित की मौत मामले में लगभग 10 रोज बीत जाने के बाद भी अभी तक पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया है। वहीं उक्त ग्रामीणों ने युवक की हत्या के आरोपियो की शिघ्र ही गिरफ्तारी की माँग की है। गौरतलब है कि दीपक नायक उम्र 22 वर्ष निवासी ख्याली ने राजगढ थाने में मामला दर्ज करवाया था कि अंकित पुत्र महेश नायक उम्र 19 वर्ष निवासी ख्याली जो उसका चचेरा भाई है तथा 24 नवम्बर को गांव के ही सुखदेव नायक के साथ अंकित गांव में स्थित बालाजी मंदिर में जागरण देखकर 11 बजे के लगभग मोटरसाइकिल पर सवार होकर घर की तरफ आ रहे थे।

आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर ख्याली गांव के ग्रामीण थाने पहुंचे।

- बीयर की बोतलों से युवक पर किया गया था हमला
- चूरू रैफर करने के बाद इलाज के दौरान अंकित की मृत्यु हो गई

हरी राम के मंदिर के पास पहुंचे तो पहले से छिप कर बैठे गांव के ही अनिल, सचिन पुत्र बलवीर, पवन पुत्र गुलझारी, प्रकाश पुत्र रामू, संदीप पुत्र ओमप्रकाश, सुनील पुत्र महावीर नायक निवासी ख्याली अचानक रास्ते पर आए तथा सभी ने झपटकर अंकित की कॉलर पडकर मोटरसाइकिल से नीचे पटक लिया। तथा सभी ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। एवं जान से मारने की नीयत से बीयर की कांच की बोतल से पवन ने अंकित के सीर में मारी।

साथ में बैठे सुखदेव ने अचानक हुए हमले से घबराकर शोर शराबा किया तो उसी समय उसकी मां ओर अन्य लोग भी पैदल-पैदल जागरण देखकर घर की ओर आ रहे थे। जिन्होंने शोर शराबा सुनकर मौके पर पहुंच गए। तथा सभी अंकित के साथ मारपीट कर रहे थे, लोगों को ललकारा और बीच बचाव किया तथा अंकित को संभाला तो अंकित को काफी गंभीर चोटे आई थी। दर्ज मामले में बताया कि घटना के बाद घायल अंकित को गांव के ही राम नारायण जो डॉक्टरी करता है। उसके पास लेकर गए। उसने इंजेक्शन लगाकर दवाई दे दी। उसके बाद हालत बिगडने पर सुबह में शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया। तथा चिकित्सको ने गभीर हालत देखते हुए चूरू रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान अंकित की मृत्यु हो गई।

5.51 लाख का सहयोग दिया

झुंझुनूं, (निसं)। राजस्थान दिव्यांग सेवा संस्थान के तत्वावधान में रामदेव करणीराम पार्क में विश्व विकलांग दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रोफेसर घासीराम ने अपने संबोधन में दिव्यांगों से जिंदगी में संघर्ष करने और आगे बढने का आ ान किया। घासीराम वर्मा ने दिव्यांगों की मदद करते हुए संस्थान को 5 लाख 51 हजार रूपये का आर्थिक सहयोग किया तथा जयन्त शोगानी द्वारा 50 हजार रुपये का सहयोग किया गया। दिव्यांगों की सेवा करने वाले पन्द्रह उत्कृष्ट व्यक्तियों का प्रमाण पत्र और प्रतिक चिह्न देकर सम्मानित किया गया। जरूरतमन्द 15 दिव्यांगों को रजाई, 5 दिव्यांगों को सिलाई मशीन, 1 दिव्यांग को व्हील चेयर, 1 दिव्यांग को ट्राई साईकिल, 1 दिव्यांग को बैशाखी और 200 कंबल वितरित की गई। कार्यक्रम में सभी उपस्थित दिव्यांगों को खाना मुकुन्दगढ के ताराचन्द सैनी की तरफ से वितरित किया गया। विशिष्ट अतिथि विजयगोपाल मोटसरा, लाइन्स क्लब के शिवकुमार जांगिड़, श्रवण कुमार गोयनका, रुस्तम टेलर दिव्यांग मेधावी छात्रों को डॉ बीडी बाजिया की तरह से गिफ्ट दिया गया।

सार-समाचार

शिक्षिका का अभिनंदन किया

रतनगढ़, (निसं)। स्थानीय संचियालाल बैद राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में साधना शर्मा का विद्यालय स्तर पर चूनरी ओढ़ाकर, शॉल, श्रीफल व अभिनंदन पत्र देखकर सम्मानित किया गया। उक्त सम्मान उनके द्वारा प्रवेश उत्सव, शाला दर्पण, परीक्षा, कम्प्यूटर कार्य सहित विभिन्न कार्यों को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए दिया गया। इस अवसर पर छात्राओं द्वारा शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में संस्था प्रधान जगदीश प्रसाद शर्मा, विजय कुमार शर्मा, रुक्मणी, नरेंद्र स्वामी, मनोज सारस्वत, गुड्डी मीणा, सरला वैष्णव, कमलेश आबुसरिया, ओम प्रकाश शर्मा, अन्नम भारद्वाज, सोम प्रकाश जोशी सहित अनेक स्टाफ सदस्य उपस्थित थे।कार्यक्रम संचालन नीतू वर्मा ने किया।

भ्रमण करने पहुंचे लॉ विद्यार्थी

नोहर, (निसं)। स्थानीय श्री रूप राम स्वामी लॉ कॉलेज के विद्यार्थियों ने सोमवार को संस्थान के निदेशक अमर सिंह स्वामी व उप प्राचार्य पवन कुमार के निर्देशन में पुलिस थाना एवं कारागृह नोहर का भ्रमण किया। इस मौके पर थानाधिकारी ने विधि विद्यार्थियों को आपराधिक प्रकरणों में किस प्रकार पुलिस प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करती है , कैसे अनुसंधान व कैसे चालान पेश किया जाता है, इसके अतिरिक्त जीरो एफ.आई.आर, किशोर अपराध, महिला अपराधो के अनुसंधान प्रक्रिया तथा बढते साइबर अपराधों से कैसे बचे आदि के बारे में उपयोगी जानकारी दी गई। पुलिस थाना में विधि विद्यार्थियों ने मालखाना ,हवालात कक्ष, अनुसंधान कक्ष का भ्रमण करवाया । इसके बाद विद्यि विद्यार्थियों ने स्थानीय उप कारागृह का भ्रमण किया। यहां सब जेलर पवन कुमार ने विचाराधीन बंदियों की दिनचर्या, भोजन व्यवस्था, पुरुष बैरक ,महिला बैरक, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग रूम ,बाउंड्री सुरक्षा पैरोल आदि के बारे विद्यार्थियों को जानकारी दी। इस मौके पर संजय महर्षि,विजय कुमार, कसोटिया सहित अनेक विधि विद्यार्थी उपस्थित थे। प्राचार्य डॉ. आरपी वर्मा ने इस भ्रमण को विद्यार्थियों के लिए उपयोगी बताया।

निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन

सीकर, (निसं)। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ निर्मल सिंह के निर्देशानुसार चिकित्सा विभाग की और से राष्ट्रीय तम्बाकू नियन्त्रण कार्यक्रम के तहत सोमवार को श्री कृष्णा सत्संग महाविद्यालय सीकर में निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.अशोक महरिया ने बताया कि राष्ट्रीय तम्बाकू नियन्त्रण कार्यक्रम के तहत जिले के विद्यालयों, महाविद्यालयों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। डॉ. संजय शर्मा के नेतृत्व में बच्चों को तम्बाकू सेवन से होने वाले हानिकारक प्रभावों की जानकारी दी जा रही है एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा हैं तथा शपथ दिलाई जा रही हैं। उन्होंने बताया कि महाविद्यालय कमेटी द्वारा प्रथम तीन स्थानों पर विजेता रहने वाले विद्यार्थियों को बैग व प्रमाण पत्र देकर पारितोषिक दिया गया। कार्यक्रम मे महाविद्यालय के प्राचार्य रामकृष्ण शर्मा, उप प्राचार्य अंजू बाला सिमार, व्याख्याता डॉ पूनम शर्मा, अभिलाषा जोशी, सरिता शर्मा उपस्थित रहे।

'बीमा पॉलिसी के लिये एसआईपीएफ पोर्टल 3.0 पर दावा करें'

हनुमानगढ़, (निसं)। जिले में वो राज्य कर्मचारी जो 1 अप्रैल, 2024 से 31 मार्च, 2025 के मध्य सेवानिवृत हो रहे है। उन बीमोदारों को जारी राज्य बीमा पॉलिसी 1 अप्रैल 2024 को भुगतान के लिए परिपक्व हो रही है। सहायक निदेशक श्री ओम प्रकाश श्योराण ने बताया कि वह सभी बीमेदार एसआईपीएफ पोर्टल 3.0 पर अपनी एस.एस.ओ. आईडी से ऑनलाइन दावा सबमिट करें एवं आवश्यक दस्तावेज (यथा- बीमा रिकॉर्ड बुक, पॉलिसी बॉण्ड दोनों साईड से, पदस्थापन का विवरण, अंतिम घोषणा पत्र एवं माह दिसम्बर से पेमैनेजर पर एसआई की कटौती बंद कर) तत्काल अपलोड करे। ताकि संबंधित बीमेदारो को बीमा दावा का भुगतान समय पर किया जा सके। दावा ऑनलाईन सबमिट करने में आ रही किसी भी प्रकार की समस्या हेतु संबंधित डिलिंग असिस्टेंट से दूरभाष पर कार्यालय समय में सम्पर्क किया जा सकता है।

राष्ट्रीय प्रतियोगिता में आकाश का चयन

चूरू, (कासं)। दिल्ली में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय स्कूल गेम्स कराटे प्रतियोगिता के लिए आकाश को अतिथियों ने माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। कोच कवीन्द्र राठौड़ ने बताया कि आकाश ने जिला व राज्य स्तरीय स्कूल गेम्स में स्वर्ण पदक जीता। कराटे प्रतियोगिता में आकाश राजस्थान का प्रतिनिधित्व करेगा। इस अवसर उप जिला शिक्षा अधिकारी शारीरिक शिक्षक रामूराम बुन्दे, प्रिस स्कूल के संस्थापक प्रताप सिहाग, नवीन सिहाग, पुष्पा सिहाग, हरीश कुमार आदि ने आकाश को मिठाई खिलाकर व माल्यार्पण कर रवाना किया।

सभी का जताया आभार

नोहर, (निसं)। भाजपा प्रत्याशी आभिषेक मटोरिया ने जनमत का सम्मान करते हुए कहा कि जनता के प्यार और सहयोग का मैं सम्मान करता हूँ। आमजन के बीच रहेंगे व सहयोग करेंगे। उन्होंने राजस्थान, मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार बननें पर आभार जताते हुए कहा कि वे क्षेत्र के लिए हर समय तैयार थे व रहेंगे। उन्होंने कहा कि हम कुछ ही मतों से चूक गए। लेकिन प्रदेश में हमारी भारतीय जनता पार्टी की सरकार है क्षेत्र का चहुँमुखी विकास करवाया जाएगा।

पेयजल आपूर्ति रहेगी बाधित

रतनगढ़, (निसं)। अधिशासी अभियंता (परियोजना) जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग खंड रतनगढ़ दशरथ राम द्वारा प्रेस नोट जारी कर बताया कि आपणी योजना फेज द्वितीय रतनगढ़-सुजानगढ़ पेयजल परियोजना के अंतर्गत स्थापित पाईप लाईन रखरखाव व मरम्मत के कारण बुधवार को जलापूर्ति बाधित रहेगी। जिसके कारण रतनगढ़ से सुजानगढ़ सेक्शन, सुजानगढ़, छापर, बीदासर पेयजल आपूर्ति बाधित रहेगी।

खेतड़ी का विकास करवाना पहली प्राथमिकता रहेगी: धर्मपाल गुर्जर

खेतड़ी, (निसं)। खेतड़ी विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी इंजीनियर धर्मपाल गुर्जर के विधायक बनने पर सोमवार को एसडीएम ने उन्हें निर्वाचन पत्र सौपा है। इस दौरान विधायक ने क्षेत्र का विकास करने में पहली प्राथमिकता निभाने की बात कही है।

एसडीएम जय सिंह चौधरी ने बताया कि खेतड़ी विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी इंजीनियर धर्मपाल गुर्जर विधायक चुने गए हैं। परिणाम के दौरान जीत हासिल होने पर विधायक मतगणना स्थल से आ गए थे, जिसके चलते वह निर्वाचन पत्र नहीं ले पाए थे। जिस पर उन्होंने खेतड़ी नगर स्थित आवासीय क्वार्टर पर आकर निर्वाचन पत्र भेंट किया है। नवनिर्वाचित विधायक इंजीनियर धर्मपाल गुर्जर ने कहा कि खेतड़ी पूर्व में एक विरासत हुआ करती थी, जिसका पर्यटन के क्षेत्र में बहुत बड़ा योगदान था, लेकिन पिछले काफी समय से खेतड़ी का पर्यटन के क्षेत्र में नाम गुम होने लगा था। खेतड़ी में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। ऐसे में अब खेतड़ी को पर्यटन के रूप में विकसित कर क्षेत्र के युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा किए जाएंगे। खेतड़ी विधानसभा क्षेत्र में चिकित्सा व्यवस्था पूरी रूप से बिगड़ी हुई है।

खेतड़ी विधानसभा से धर्मपाल गुर्जर के विधायक बनने पर एस.डी.एम. ने निर्वाचन पत्र सौंपा।

खेतड़ी का एकमात्र सबसे बड़ा उप जिला अस्पताल में भी चिकित्सा व्यवस्था चरमराई हुई है, जिससे आमजन को बेहतर सरकारी सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। खेतड़ी में चिकित्सा व्यवस्था को लेकर बेहतर कदम उठाए जाएंगे और आम जन को सरकार की सुविधा उपलब्ध करवाने को लेकर तत्पर रहेंगे। इस दौरान उनके निवास पर समर्थकों का तांता लगा रहा तथा बधाई देने का दौर जारी रहा। इस मौके पर बबलू अवाना, धुकलराम कुमावत, अजय केडिया, सुरेंद्र सिंह राठौड़, मुकेश गुर्जर, प्रताप सिंह अधाणा सहित अनेक लोग मौजूद थे।

चर्चा में रही राठौड़ की हार

चूरू, (कासं)। चूरू की जनता का बरसों पुराना भरोसा टूट गया। यहां की जनता को विश्वास नहीं हो पा रहा है कि तारानगर से चुनाव लड़ रहे भाजपा प्रत्याशी कद्दावर नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ का अपने निकटतम प्रत्याशी कांग्रेस के कद्दावर नेता नरेंद्र बुडानिया से पराजित हो गये। चुनाव परिणाम आने के साथ से राजेंद्र राठौड़ जब नरेंद्र बुडानिया से मतगणना में पिछड़ रहे थे तब बाहर जनता कयास लगा रही थी कि येन केन प्रकारेण राजेंद्र राठौड़ के सिर पर जीत का सेहरा बंधेगा ही ये किसी भी कीमत पर हार नहीं सकते लेकिन जैसे ही राठौड़ के पराजय का समाचार मिला जनता में मायूसी छा गयी। चूरू विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी हरलाल सहारण की जीत की खुशी को राठौड़ की पराजय ने कहीं कम कर दिया। हर तरफ राठौड़ की पराजय की ही चर्चाओं का बाजार गर्म रहा। जनचर्चा के अनुसार सामने आ रहा है कि राजेंद्र राठौड़ को भविष्य में कोई बड़ा पद अवश्य ही मिलेगा!

- जनता में राठौड़ की हार से मायूसी छाई

रामसरा ताल पंचायत सरपंच के साथ मारपीट का आरोप

सादुलपुर, (निसं)। सिद्धमुख थाने के गाँव धोलिया में शादी समारोह में गये ग्राम पंचायत रामसरा ताल के सरपंच के साथ थाप मुको से लाठी से मारपीट करने के आरोप का मामला सामने आया है।

सिद्धमुख थाने में पवन कुमार पुत्र शंकरलाल ब्राहम्ण उम्र 45 साल निवासी टुण्डाखेडी पुलिस थाना सिद्धमुख जिला चूरू ने सिद्धमुख थाने में इस आरोप का मामला दर्ज करवाया है कि वह वर्तमान में ग्राम पंचायत रामसरा ताल का सरपंच है तथा उसकी ग्राम पंचायत में रामसरा ताल, रामसरा टिब्बा, धोलिया, टुण्डा खेडी, किशनपुरिया बास आदि गांव आते हैं। दिनांक ०4 दिसम्बर 2023 को सुबह करीबन 9.30 बजे वह तथा सतबीर पुत्र रामचन्द्र शर्मा दोनो उसकी गाडी लेकर गाँव धोलिया में बलवानसिंह पूनियां की लडकियों की शादी में गये थे। धोलिया गांव में वह राजेन्द्र पुत्र जयसिंह पूनियां के घर के आगे चौकी पर बैठे हुए थे। तभी अचानक चानण पुत्र महावीर शर्मा, अजय व मनोज पुत्रगण चानण शर्मा, अक्षय पुत्र श्रवण शर्मा व तारा देवी पत्नी चानण शर्मा सभी एक राय होकर आये व आते ही उसके बैठे हुए के साथ गाली गलोच करना शुरू कर दिया। जब उसने कहा कि गालिया क्यों निकाल रहे हो तो उक्त सभी ने उसके साथ मारपीट करनी शुरू कर दिया तथा चानण शर्मा के हाथ में लाठी थी, जिसने उसके बाये पैर के घुटना पर तथा उसकी कमर में चोटे मारी तथा अन्य सभी ने भी उसे चौकी से निचे पटक लिया और उसके साथ थाप मुक्को से मारपीट की।

मौके पर उपस्थित सतवीर शर्मा, सुर्यपाल निवासी रामसरा ताल, गुलाब सिंह निवासी किशनपुरिया बास आदि ने बीच बचाव कर छुडवाया। जाते जाते चानण की पत्नी तारा देवी ने उसे धमकी दी कि तेरे को छेडछाड के झूठे मुकदमें में फसाउंगी। आरोप है कि चानण के लडके मनोज के हाथ में हथियार भी था। मारपीट में उसके घूटना कमर व कमर पर तथा रीड की हडडी में भी काफी चोटे आई। पुलिस ने मामला दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ कर दिया है।

विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

झुंझुनूं, (निसं)। अन्तर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, झुंझुनू द्वारा मानसिक विमंदित गृह, झुंझुनू में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, झुंझुनू की सचिव दीक्षा सूद ने बताया कि समाज में दिव्यांगों के आत्मसम्मान, सेहत और सहायता के लिए इस दिवस की शुरूआत की गई है। जीवन के हर एक पहलू में दिव्यांगों को अलग व गलत दृष्टि से देखा व उनके साथ उसी प्रकार गलत प्रकार से व्यवहार किया जाता रहा है अत: उनके अधिकारों को उनके सामने लाने व उन्हें समाज में उनके स्तर को सुधारने की आवश्यकता है।

वर्तमान में जहां प्रत्येक व्यक्ति ऑनलाइन अनेक माध्यमों से अपने आप को समाज के साथ बराबर चलाने की कोशिश कर रहा है वहीं साधनों की कमी होने व अपनी शारीरिक व मानसिक अक्षमता के कारण दिव्यांग व्यक्ति कुछ पिछड़ते जा रहे है। समाज में दिव्यांगों की बराबरी के विकास के लिए उनके अधिकारों के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिये, सामान्य नागरिकों की तरह ही उनके सेहत पर भी ध्यान देने के लिये और उनकी समाजिक, आर्थिक स्थिति को सुधारने के लिये पूर्ण सहभागिता और समानता की ओर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यरत है व इसी के साथ न्याय सबके लिए की अवधारणा पर कार्य कर रहा है। नालसा द्वारा मानसिक विमंदितों हेतु जारी स्कीम पर भी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसी के साथ तालुका विधिक सेवा समिति, खेतड़ी, चिड़ावा, पिलानी, उदयपुरवाटी, नवलगढ़ में भी दिव्यांग दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम के दौरान नालसा व रालसा द्वारा जारी समस्त स्कीमों, राज्य सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं, बालश्रम, बाल विवाह रोकथाम, मानव तस्करी रोकथाम, सिंगल यूज प्लास्टिक रोकथाम आदि की जानकारी दी। साथ ही शिक्षा के महत्व को बता सर्वशिक्षा अभियान की जानकारी भी दी गयी।

- सर्वशिक्षा अभियान की जानकारी दी

शतरंज प्रातियोगिता का समापन हुआ

मण्डावा, (निसं)। स्व. सेठ चिरंजीलाल तोलासरिया की स्मृति में आयोजित छठी शतरंज की पांच दिवसीय प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण के साथ समापन किया गया। प्रतियोगिता समापन में बसंत कानोरिया मुख्य अतिथि मंचासीन थे। अध्यक्षता नगरपालिका चेयरमैन नरेश सोनी ने की। विनोद सोभासरिया, सुरेंद्र , संजय मस्कारा विशिष्ट अतिथि थे। प्रतियोगिता का आयोजन विजय शंकर तोलासरिया, शिवशंकर, रविशंकर, सुशील, अरुण, मुकेश, आदित्य तोलासरिया ने किया। सीए विकसित तोलासरिया ने सभी आगंतुकों का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर मनोज भादुपोता, केसरदेव टेलर, ज्ञान प्रकाश गोयनका, राजू सिंघानिया, सतार सब्जीफरोश, कमलेश तेतरवाल, गोपाल देवड़ा, भगवान सिंह पूनिया मेहरादासी, बंटी देवड़ा, श्याम सुंदर केडिया सहित अन्य गणमान्य उपस्थित थे। प्रतियोगिता में सीनियर वर्ग में प्रथम स्थान पर खेतड़ी के सत्यप्रकाश शर्मा रहे वहीं दूसरे स्थान पर असलम रंगरेज और तीसरे स्थान पर राहुल तंवर रहे। जूनियर वर्ग में प्रथम स्थान पर कैलाश सैनी, दूसरे पर शिवम शाह और तीसरे स्थान पर प्रशांत खुवाल विजेता बने।

छात्र-छात्राओं ने शहादत विषय पर लघु नाटिका का मंचन किया

डूण्डलोद पब्लिक स्कूल डूण्डलोद व डूण्डलोद गर्ल्स स्कूल बलवंतपुरा में भारतीय नौ सेना दिवस मनाया।

नवलगढ़, (निसं)। सोमवार को डूण्डलोद पब्लिक स्कूल डूण्डलोद व डूण्डलोद गर्ल्स स्कूल बलवंतपुरा में भारतीस नौ सेना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर छात्रा रिंकू ने नौ सेना के इतिहास पर प्रकाश डाला।

अध्यापक सुमित, कमल शर्मा तथा अनिशा अग्रवाल के निर्देशन में छात्र-छात्राओं ने शहादत विषय पर लघु नाटिका का मंचन किया। प्राचार्य जी प्रकाश व प्राचार्या इंदु सोनी ने अपने विचार प्रकट करते हुए कहा कि देश की तीनों सेनाएं थल, वायु और जल सेना हर तरफ से देश की सुरक्षा में तत्पर रहती है। आज दुनिया की सबसे शक्तिशाली सेनाओं में भारतीय सेना का नाम अग्रणी है। इतिहास के पन्ने पलट कर देखें तो दुश्मन देशों ने जब भी भारत पर आक्रमण करने की सोची तो जमीन से ही आक्रमण किया। इसका कारण देश की जल सीमा की कड़ी सुरक्षा हो सकता है। नौसेना के इसी अदम्य साहस के कारण तीनों दिशाओं में जलीय सीमाओं से घिरा हमारा देश सुरक्षित है। विद्यालय सचिव बी एल रणवा ने मार्गदर्शन करते हुए कहा कहा कि भारतीय नौ सेना एक त्रि-आयामी बल है जो हमारे देश की सुरक्षा के लिए समुद्र की सतह, समुद्र के ऊपर व समुद्र के अंदर सुरक्षा का कार्य करती है।

भारतीय नौसेना ने देश की सुमुद्री सीमाओं को सुरक्षित करने के साथ-साथ बंदरगाह यात्राओं, निवेश, आपदा राहत और कई अन्य कार्यों के माध्यम से भारत में में अंतर्राष्ट्रीय संबंधों को बेहतर बनाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभायी है। कार्यक्रम में उपप्रधानाचार्य धनंजय लाल, प्रभारी रेखा स्वामी, सुमनलता, मनजीत कौर, सुनील श्रीवास्तव एवं समस्त डीपीएस परिवार उपस्थित था।

- भारतीय नौ सेना दिवस मनाया

खेतड़ीनगर में बैडमिंटन कोर्ट का उद्घाटन

खेतड़ी, (निसं)। खेतड़ी नगर के केसीसी कॉपर कल्ब में सोमवार को वुडन बेंडमिंटन कोर्ट के उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मुख्य अतिथि केसीसी महाप्रबन्धक जीडी गुप्ता, विशिष्ट अतिथि एस गुहा, सजू सी सेम थे, जबकि अध्यक्षता आरएस सजवान ने की।

कार्यक्रम के दौरान सर्वप्रथम अतिथियों ने विधिवत रूप से फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि जीडी गुप्ता ने कहा कि कॉपर कल्ब हॉल में साढ़े पांच लाख रुपए कि लागत से वूडन बेडमिंटन कोर्ट का निर्माण किया गया है। वुडन बेंडमिंटन कोर्ट अधिकारीयों के खेलने के लिए बनाया गया है, अब अधिकारी कार्य के साथ-साथ खाली समय में बेडमिंटन खेलकर शारीरिक व मानसिक विकास का निर्माण कर सकेगे। उन्होंने कहा कि बदलते खानपान के चलते मनुष्य का शरीर लगातार बीमारियों की ओर अग्रसर हो रहा है। खेलों में भागीदारी निभाकर स्वास्थ्य को बेहतर बनाया जा सकता है।

- खेलों में भाग लेकर बेहतर स्वास्थ्य बनाने का आव्हान

खेतड़ी नगर के केसीसी कॉपर क्लब में वुडन बैडमिंटन कोर्ट के उद्घाटन समारोह आयोजित हुआ।

इस भागदौड़ भरी जिंदगी में मनुष्य अपने स्वास्थ्य को लेकर ज्यादा गंभीर नहीं होने से लगातार बीमारियों से ग्रस्त होता जा रहा है, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ता है। योग करने से भी स्वास्थ्य को बेहतर बनाया जा सकता है। भारत को योग में विश्व में पहचान दिलाई है। ऐसे में प्रत्येक व्यक्ति को अपने स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए नियमित रूप से योग करना चाहिए। इसके अलावा खान-पान पर भी विशेष ध्यान देना चाहिए। इस मौके पर एके शर्मा, एस मिश्रा, वीके इंद्रा, विपिन शर्मा, सुमन कुमार, डॉ. गोपाल राठी, भुपेष बम्बोरिया, निलाभ दुबे, अभिषेक पारीक, विनायक साहु, देवेन्द्र वर्मा, एमएस नागर, कुलदीप, सवाई सिंह सिराधना, जगदीश सोढा, नितिन, राधेश्याम मास्टर, सुरेन्द्र कुमार, विकास, अनुप, दाताराम, उम्मेद सिंह सहित अनेक लोग मौजूद थे।

गहलोत का फिर से सीएम बनने का डोळ ही नहीं था!

चूरू, (कासं)। फिल्म निर्माता निर्देशक राजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा है कि अशोक गहलोत और बीडी कल्ला ने मिलकर पांच साल में राजस्थानी सिनेमा को बर्बादी के कगार पर पहुंचा दिया था।

डॉ. बीडी कल्ला ने वर्ष 2022 में 17 में से 11 राजस्थानी फिल्मों को अनुदान से वंचित करके कांग्रेस की हार की कहानी लिख दी थी। अशोक गहलोत कुर्सी के नशे में रहे, कोई ध्यान ही नहीं दिया। घोषणा तो 25 लाख रुपए अनुदान देने की थी। फिल्म बावळती सहित 11 फिल्मों को दी नहीं एक चवन्नी। इतना ही नहीं बार बार कहने और लिखने के बावजूद न तो कल्ला के कानों पर कोई जूं रेंगी और ना ही अशोक गहलोत ने आंखें खोली। अब जनता ने झटका लगाया है तब रो रहे हैं अपने कर्मों को। शेखावत ने कहा कि अशोक गहलोत और बीडी कल्ला राजस्थानी सिनेमा के इतिहास में खलनायक के रूप में याद किए जायेंगे। अब तो इन दोनों को खुद के माथे पर लगे कलंक को धोने का भी कोई मौका नहीं मिलेगा। गहलोत ने अपनी घोषणा को पूरा किया होता तो आज यह दिन नहीं देखना पड़ता।

- डॉ. बीडी कल्ला ने वर्ष 2022 में 17 में से 11 राजस्थानी फिल्मों को अनुदान से वंचित कर कांग्रेस की हार की कहानी लिख दी थी अशोक गहलोत ने कोई ध्यान नहीं दिया

कुल मिलाकर यही कहा जा सकता है कि गहलोत का फिर से सीएम बनने का डोळ ही नहीं था। जनता ने बीडी कल्ला को कल्ला खिला दी और अशोक गहलोत की कांग्रेस को खोखे। शेखावत ने कहा कि मायड़ भाषा की फिल्मों के साथ अन्याय करने वालों का सफाया जरूरी था। वो राजस्थान की जनता ने कर दिया है।

चुनाव के नामांकन पत्र दाखिल

सादुलपुर, (निसं)। बार संघ राजगढ के चुनाव हेतु सोमवार को नामांकन पत्र दाखिल किये गये है। बार संघ राजगढ के निवार्चन अधिकारी दिनेश सुवटा ने बताया कि बार संघ राजगढ के चुनाव ०7 दिसम्बर 2023 को होंगे। जिसके लिए बार संघ के अध्यक्ष पद हेतु विमल कुमार शर्मा, अशोक सिंह राठौड व हरदीप सिंह सुन्दरिया, उपाध्यक्ष पद हेतु अशोक कुमार पूनियां व राकेश कुमार आजाद, कोषाध्यक्ष पद हेतु महेन्द्र सिंह व मुकेश आर्य, सचिव पद हेतु सन्तलाल प्रजापत व राजेश कुमार प्रजापत, पुस्तकालय अध्यक्ष पद हेतु विजेन्द्र सिंह भोजाणिया व महेश कुमार ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है।

बेदखली निरस्त सर्वसाधारण सूचना

मैं संदीप कुमार पुत्र महावीर जाति जाट निवासी तांबा खेड़ी तहसील राजगढ़ जिला चूरू (राज.) का हूं जो कि शपथपूर्वक बयान करता हूं कि :-1. यह कि प्रदीप कुमार मेरा जाइंदा पुत्र है। मेरे उक्त पुत्र के संबंध में मैंने दिनांक 03.09.2019 को बेदखल प्रकाशन राष्ट्रीयकृत पत्रिका में करवाया था। अब मेरा पुत्र मेरे कहने-सुनने में रहने लगा है व मेरी अच्छी देखभाल, भरण-पोषण करने लगा है तथा मेरे पुत्र ने मौजिज व्यक्तियों की समझाईश से शराब व नशापता सब त्याग कर मेरे समक्ष पेश होकर अपनी गलती स्वीकार कर एक साथ जीवनयापन करना स्वीकार कर लिया है। इसलिए अब मेरा पूर्व में दिया गया बेदखली प्रकाशन को निरस्त करवाकर मेरी चल-अचल संपत्ति में हक हिस्सा देना चाहता हूं। पूर्व में करवाये गए बेदखली प्रकाशन को निरस्त समझा जावे। सर्वसाधारण को सूचित करता हूं। सूचित रहे। दिनांक:-30.11.2023

भवदीय

संदीप कुमार पुत्र महावीर जाति जाट निवासी तांबा खेड़ी तहसील राजगढ़ जिला चूरू (राज.)